नवभारत टाइम्स

ऐंबैसडर की बिक्री बढ़ाएगी एचएम

20 Nov 2010, 1122 hrs IST,भाषा

मुंबई ।। घरेलू वाहन क्षेत्र में तेजी को लेकर उत्साहित हिंदुस्तान मोटर्स ने एक साल में अपनी ऐंबैसडर कार की बिक्री दोगुनी करने का लक्ष्

य रखा है जिसके लिए वह कार के नए संस्करण पेश करेगी।

हिंदुस्तान मोटर्स के एमडी मनोज ने बताया, ' हमने अगले एक-डेढ़ साल में ऐंबैसडर मॉडल की बिक्री दोगुनी कर 24,000 कारों पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। ' अभी कंपनी सालाना 12,000 ऐंबैसडर कारें बेच रही है। कंपनी की योजना अगले 12-15 महीने में यात्री एवं वाणिज्यिक वाहन खंडों में छह नए संस्करण लाने की है।

उन्होंने कहा, ' हम अगले 12-15 महीने में छह नए संस्करण लांच करेंगे जिससे हमें बिक्री बढ़ाने में मदद मिलेगी। इनमें से चार संस्करण ऐंबैसडर के होंगे। '

कंपनी की ऐंबैसडर कार देश में सबसे पुरानी कारों में से एक है जिसका विनिर्माण कंपनी के उत्तरपाड़ा (पश्चिम बंगाल) प्लांट में किया जा रहा है।